संख्या- 1/952/22-4-14-102(ब)/98

प्रेषक,

आर0 के0 द्विवेदी
उप सचिव
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

महानिरीक्षक
कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं
उ0प्र0, लखनऊ।

कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं अनुभाग 4 लखनऊ दिनांक- 25 अगस्त,2014

विषय- निर्माणाधीन जिला कारागार, गौतमबुद्धनगर हेतु वित्तीय स्वीकृति निर्गत किये जाने के सम्बन्ध् में

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या- 19644/नम-3/वैल्यूम-IV, दिनांक- 17, जुलाई, 2014 के सन्दर्भ तथा शासनादेश संख्या- 40/22-4-14-102(ब /198, दिनांक 18 फरवरी, 2014 एवं शासनादेश संख्या-338/22-4-14-102(ब /198, दिनांक- 22 फरवरी,2014 के क्रम में मुझे कहने का निदेश हुआ है कि जिला कारागार, गैतमबुद्धनगर के निर्माण हेतु कुल पुनरीक्षित एवं अनुमोदित लागत रू0-1,83,73,10,000/- लाख (रूपया एक अरब तिरासी करोड़ सत्तर लाख दस हजार मात्र) के सापेक्ष अब तक कुल धनराशि रू0- 1,70,96,79,000/- (रूपया एक अरब सत्तर करोड़ छियान्नवे लाख मात्र) की धनराशि अवमुक्त की जा चुकी है । उक्त निर्माण कार्य हेतु अवशेष रू0 12,73,31,000/- (रू0 बारह करोड़ तिहत्तर लाख इकतिस हजार मात्र) के सापेक्ष धनराशि रू0-9,67,00,000/- (रू0 नौ करोड़ सरसठ लाख मात्र) की स्वीकृति श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष प्रदान करते हैं।

2- इस निमित्त होने वाले व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2014-15 के आय- व्ययक के अनुदान संख्या-25 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक '' 4070-अन्य प्रशासनिक सेवाओं पर पूंजीगत परिव्यय-800-अन्य व्यय- 08- कारागारों का निर्माण-25 वृहत निर्माण कार्य '' के नामे डाला जायेगा और उक्त लेखाशीर्षक/ मद में उपलब्ध प्रावधान से वहन किया जायेगा।

3- यह आदेश वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या-बी-1-2457/दस-2014-231/2014, दिनांक-22;7;2014 में प्रशासनिक विभाग को प्रतिनिधानित अधिकारों के अधीन जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(आर0के0द्विवेदी)
उप सचिव

संख्या-1/952(1)/22-4-14-तददिनांकित-

प्रतिलिपि-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

(1) प्रधान महालेखाकार(सिविल आडिट) उ0प्र0, इलाहाबाद।
(2) प्रबंध निदेशक,, उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम लि0, लखनऊ।
(3) जिलाधिकारी, गौतमबुद्धनगर।
(4) मुख्य कोषाधिकारी ,जवाहर भवन, लखनऊ।
(5) निदेशक, वित्तीय सांख्किीय निदेशालय, जवाहर भवन, लखनऊ।
(6) वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-12/वित्त (आय- व्ययक) अनुभाग-1/2
(7) गार्ड फाईल।

आज्ञां से,

(आर0के0द्विवेदी)
उप सचिव

http://shasanadesh.up.nic.in